# देवास

नवभारत 03

इंदौर सोमवार 13 अक्टूबर 2025



## एक नजर में

### श्री खेड़ापति नवयुवक मंडल सांवेर में कन्या भोज संपन्न

**सोनकच्छ।** नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर श्री खेड़ापति नवयुवक मंडल सांवेर द्वारा श्रद्धा और भक्ति भाव से कन्या भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कन्याओं के पूजन के साथ उन्हें भोजन कराया गया और उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर मंडल सदस्यों ने नवरात्रि के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला और समाज में मातृ शक्ति के सम्मान का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं युवा उपस्थित रहे। वातावरण भक्तिमय रहा और पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल दिखाई दिया।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न



**देवास।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो, सॉफ्ट टेनिस एवं नेटबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन देवास में 8 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से लगभग 900 खिलाड़ियों ने विभिन्न संभागों से प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। देवास जिले की महाकाल इंग्लिश मीडियम स्कूल, सिया की दो बालिका खिलाड़ी प्रीति मालवी एवं अनुष्का चौधरी ने अंडर 19 वर्ग में ताइक्वांडो स्पर्धा में भाग लेकर अपने विद्यालय एवं जिले का प्रतिनिधित्व किया। इनमें से प्रीति मालवी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अर्जित किया और देवास जिले व मध्य प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर दोनों खिलाड़ी अपने कोच राजीव चौहान, शिव प्रजापत एवं विवेक बंजारे के मार्गदर्शन में उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता स्थल पर देवास शिक्षा विभाग के विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते, विपुल चौहान, तरुण परमार, कराते संघ सचिव प्रवीण ढोबले, एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कपिल व्यास ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। महाकाल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक शुभम परमार ने कहा कि हमारी दोनों बालिकाओं ने विद्यालय एवं देवास का गौरव बढ़ाया है। हम उन्हें हृदय से बधाई देते हैं। उक्त जानकारी कोच विवेक बंजारे ने दी।

### सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने पर दिया ज्ञापन



**काँटाफोड़।** स्थानीय पत्रकारों ने शनिवार को थाना कांटाफोड़ पहुंचकर सोशल मीडिया पर की गई अभद्र टिप्पणी और असत्य आरोपों के विरोध में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि सोशल मीडिया पर लोहारदा निवासी भाजपा कार्यकर्ता सलीम कुरैशी द्वारा क्षेत्र के समस्त पत्रकारों के विरुद्ध आपत्तिजनक और अशोभनीय टिप्पणी की गई है। पत्रकारों ने बताया कि सलीम कुरैशी द्वारा पोस्ट में यह भी आरोप लगाया गया कि क्षेत्र के पत्रकार जुआ सट्टे वालों से 200-200 रुपये लेकर ख़बरें दबाते हैं। इस तरह की निराधार और झूठी बातें समाज में पत्रकारिता की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाली हैं। पत्रकारों ने इस कृत्य को पत्रकार समाज की छवि धूमिल करने वाला बताते हुए आरोपी भाजपा कार्यकर्ता के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्र के सभी पत्रकार पुलिस प्रशासन के विरुद्ध आंदोलन करने पर विवश होंगे। पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक देवास को भी इस संबंध में ज्ञापन की प्रति प्रेषित की है। ज्ञापन पर नगर के समस्त पत्रकारों हस्ताक्षर हैं। पत्रकारों ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल के व्यक्ति को पत्रकारों की साख पर सवाल उठाने या झूठे आरोप लगाने का कोई अधिकार नहीं है। पुलिस प्रशासन से मांग की गई है कि ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अभद्रता करने का दुस्साहस न कर सके।

### बैंक नोट प्रेस प्रबंधन पर लगे आरोप

**देवास।** भारतीय मजदूर संघ, जिला देवास ने बताया कि बैंक नोट प्रेस देवास में प्रबंन्धन पर गंभीर आरोप लगे है। आरोप है कि कुछ कर्मचारियों को बिना कार्य के वास्तविक कार्य के नियमित वेतन एवं भत्ते दिये जा रहे है। जो सीधे सार्वजनिक धन के दुरूपयोग में आता है। सूत्रों के अनुसार, यह प्रक्रिया मान्यता प्राप्त यूनियन के कुछ पदाधिकारियों के लिए प्रबन्धन के दबाव या समझौते के तहत की जा रही है। इससे विभागीय कामकाज में पारदर्शिता पर प्रश्न उठ रहे है। बैंक नोट प्रेस भारत सरकार का एक उपक्रम है जो देश के सबसे संवेदनशील सरकारी संस्थानो में से एक है जहां पर भारत सरकार की मुद्रा की छपाई का कार्य किया जाता है। ऐसे विभाग में वित्तीय अनियमितताएं और धन का दुरूपयोग सीधे प्रशासनिक निष्पक्षता और सार्वजनिक विश्वास पर सवाल उठाते है। भारतीय मजदूर संघ जिला देवास ने उच्च प्राधिकरण और सम्बन्धित विभाग के उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजते हुए पूरी वित्तीय जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि वे इस मुद्दे को सार्वजनिक और कानूनी दोनो स्तरों पर उठाते रहेंगे। विशेषज्ञो का कहना है कि इस तरह के मामले केवल सरकारी संसाधनों के दुरूपयोग को नहीं दिखाते है, बल्कि विभागीय कार्यकुशलता को प्रभावित करते है। यदि यह आरोप सत्य पाये जाते है तो सार्वजनिक प्रशासन में बीएनपी प्रबन्धन पर पारदर्शिता की दृष्टि से जबावदेही तय होनी चाहिए।

### भारत विकास परिषद ने किये सेवा कार्य



**देवास।** भारत विकास परिषद देवास शाखा द्वारा सेवा कार्य के अंतर्गत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 11 अक्टूबर को सदस्यों द्वारा जिला दिव्यांग बालक छात्रावास में 4 डबल डेकर पलंग जिस पर 8 बच्चे सो सकते हैं दान किए गए। संस्कार कार्यक्रम के अंतर्गत गुरु वंदन छात्र अभिनंदन भी आयोजित किया गया, जिसमें सबसे पहले छात्रावास अधीक्षक सुरेंद्र सिंह खींची का सम्मान किया गया। 10 शिक्षकों व कर्मचारी का सम्मान श्रीफल व रुमाल से व स्वल्पाहार एवं 50 विकलांग बच्चों मिठाई, चिप्स, फरूटी वह अन्य सामान वितरित की गई। बच्चों ने बहुत ही उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. मीना राव, बबलू राव, सचिव अंतिम अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य अशोक जाधव, सुरेश डासानिया, निर्मला भाभी, विक्रम आप्टे, हेमंत वर्मा, श्रीमति मीना वर्मा उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कीर्ति चव्हाण ने दी।

# आरा मशीनें बनीं अवैध लकड़ियों के गोदाम

**लकड़ी माफियाओं का जंगलराज**
**वन विभाग की मिलीभगत से फल-फूल रहा अवैध कारोबार**



**देवास।** भौंरासा क्षेत्र में इन दिनों लकड़ी माफियाओं का आतंक चरम पर है। हरे-भरे जंगलों को बेरहमी से काटकर रोज़ाना 407 वाहनों से लकड़ियाँ भौंरासा की आरा मशीनों तक पहुंचाई जा रही हैं जो अब खुलेआम अवैध लकड़ी के गोदामों में तब्दील हो चुकी हैं।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इन मशीनों से हर महीने हजारों रुपए की अवैध उगाही की जा रही है, जबकि वन विभाग पूरी तरह मौन है। न निरीक्षण, न कार्रवाई मानो विभाग की आँखों पर पट्टी बंधी हो। नियमों के मुताबिक हर आरा मशीन पर लकड़ी का रजिस्टर मेंटेन करना और समय-समय पर जांच अनिवार्य है, लेकिन हकीकत में न तो कोई स्टॉक रजिस्टर है, न कोई रिकॉर्ड। कई मशीनों पर तो प्रतिबंधित प्रजातियों की लकड़ियाँ आम, जामुन, इमली, खैर, करंज, महुआ, साल, शीशम और अर्जुन की खुलेआम चिराई जा रही हैं।

### वन विभाग की खामोशी

क्या यह सिर्फ लापरवाही है या फिर मिलीभगत का खुला खेल? क्या अधिकारी माफियाओं से सांठगांठ कर जंगलों की कीमत पर अपनी जेबें भर रहे हैं?

### जंगल सिर्फ नक्शों में रह जाएंगे

जिले में सबसे ज़्यादा आरा मशीनें भौंरासा में चल रही हैं, मगर वन विभाग और प्रशासन अब तक अनजान बना हुआ है। बताया जा रहा है कि बिट के नाकेदार और डिप्टी रेंजर तक कथित रूप से माफियाओं से मिले हुए हैं तभी तो अवैध लकड़ी के 407 वाहनों से दिन-रात बिना किसी डर के गुजर रहे हैं। स्थानीय सामाजिक संगठनों और रहवासियों ने इस पूरे मामले पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर यही हाल रहा, तो आने वाले कुछ वर्षों में भौंरासा के आसपास के जंगल सिर्फ नक्शों में रह जाएंगे।

### कानूनी प्रावधान क्या हैं

आरा मशीन संचालक को लकड़ी की प्राप्ति व उपयोग का पूरा विवरण रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य है। बिना ट्रांजिट परमिट लकड़ी का परिवहन वन अधिनियम के तहत अपराध है। महुआ, इमली, शीशम, साल, अर्जुन, तेंदू, खैर जैसी प्रजातियों की कटाई या चिराई बिना अनुमति प्रतिबंधित है।

मशीनों से निकलने वाले अपशिष्ट और धूल का निस्तारण पर्यावरण मानकों के अनुसार होना चाहिए।

जब जंगल उजड़ रहे हैं, तो वन विभाग कब जागेगा? कब तक चलेगा भौंरासा का यह लकड़ी माफिया राज? अगर प्रशासन ने अब भी कार्रवाई नहीं की, तो आने वाली पीढ़ियों को जंगल नहीं, सिर्फ वीरान ज़मीनें मिलेंगी।

## व्याख्यान एवं रैली के माध्यम से एड्स के प्रति जागरूक किया



**देवास।** महारानी पुष्पमाला राजे पंवार शासकीय कन्या महाविद्यालय की रेड रिबन क्लब इकाई द्वारा शनिवार दिनांक 11 अक्टूबर 2025 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी डी सोनी के मार्गदर्शन में गोद ग्राम सिंगावदा में 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक संचालित सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत व्याख्यान एवं जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अपने व्याख्यान में प्रो वर्षा जायसवाल ने एचआईवी एड्स एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। डॉ क्रांतदर्शी सिंदल ने एड्स फैलने के कारण एवं रोकथाम पर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की विद्यालय की शिक्षिका अजीता सराफ ने भी एड्स जागरूकता से संबंधित विचार व्यक्त किये। गोदग्राम में जन जागरूकता रैली के माध्यम से ग्राम वासियों को एड्स जैसी घातक बीमारी तथा स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता एवं रक्तदान के लिए जागरूकता हेतु रैली में छात्र-छात्राओं द्वारा स्लोगन एवं नारे के रूप में प्रस्तुत कर सभी को जागरूकता का संदेश दिया गया। रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालय की स्वयं सेवक छात्राएं उपस्थित रही। जन जागरूकता रैली का संचालन रेड रिबन क्लब की कार्यक्रम अधिकारी डॉं क्रांतदर्शी सिंदल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अनिल सोलंकी द्वारा की गई तथा कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## 51 लाख रुपये के नोटों से सजेगा श्री योगमाया महालक्ष्मी मंदिर

**रतलाम की तर्ज पर जन सहयोग से राशि हो रही एकत्रित**
**तीन दिवसीय समारोह होगा**

**देवास।** प्रतिवर्ष रतलाम शहर में स्थित प्रसिद्ध महालक्ष्मी मंदिर में भक्तों के सहयोग से मंदिर को दीपावली के अवसर पर करोड़ों रुपयों के नोट से सजाया जाता है। उसी तर्ज पर देवास के मोती बंगला शिवाजी नगर में स्थित श्री योगमाया महालक्ष्मी मंदिर में तीन दिवसीय भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन में 51 लाख रुपये के नोटों से संपूर्ण मंदिर को सजाया जाएगा।

उक्त राशि भक्तों के जन सहयोग से एकत्रित की जा रही है। श्री योगमाया महालक्ष्मी पारमार्थित न्यास के अध्यक्ष विमल शर्मा ने बताया कि मोती बंगला शिवाजी नगर में स्थित श्री योगमाया महालक्ष्मी मंदिर में दीपावली के अवसर पर विभिन्न प्रकार के आयोजन होते है। इस वर्ष ट्रस्ट ने निर्णय लिया है कि भक्तों के सहयोग से मंदिर को रतलाम के महालक्ष्मी मंदिर की तर्ज पर नोटों से सजाया जाएगा। इसके लिए उज्जैन के कलाकारों से संपर्क किया गया है, जो करीब 51 लाख रुपये के नोटों से मंदिर को विभिन्न कलाकृतियों से सजाएंगे। उक्त राशि शहर के भक्तों के सहयोग से प्राप्त होना प्रारंभ हो गई है। अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि मंदिर में धनतेरस से पड़वा तक सजावट रहेगी।

यह आयोजन अपने आप में एक अनूठा आयोजन होगा। राशि एकत्रीकरण के संबंध में अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि इस दिव्य अनुष्ठान में सम्मिलित होने के लिए जो कोई भी भक्त इच्छुक है, वे अध्यक्ष या मंदिर समिति के सदस्यों से संपर्क कर सकता है। भक्त द्वारा दी गई राशि अनुष्ठान पूर्ण होने पर भाई दूज के दिन कुबेर पोटली के साथ पुनरू लौटाई जाएगी।

सहयोग राशि देने वाले भक्त को रसीद दी जाएगी, जिसके आधार पर ही पुनरू राशि लौटाई जाएगी। श्री योगमाया महालक्ष्मी पारमार्थित न्यास ने शहर के भक्तों से आयोजन में सम्मिलित होने की अपील की है।

## पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ की 14 वीं वार्षिक साधारण सभा

**75 वर्षीय पेंशनर्स एवं स्कूल कॉलेज की प्रतिभाओं का सम्मान**



**देवास।** पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ का 14 वीं वार्षिक साधारण सभा महारानी चिमनाबाई कन्या माध्यमिक विद्यालय देवास में आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवीशंकर तिवारी ने की। मुख्य अतिथि विजय श्रीवास्तव शिक्षाविद थे, विशेष अतिथि चित्रकार एवं साहित्यकार राजकुमार चंदन तथा एम.एल. मालवीय देवड़ा थे। सर्व प्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पमालाओं एवं पेंशनर संघ के दुपट्टे से किया गया। शब्दों से स्वागत पं. देवीशंकर तिवारी जिलाध्यक्ष ने किया। संघ की वार्षिक गतिविधियों की जानकारी जिला सचिव अरविंद शर्मा ने प्रस्तुत की तथा आय व्यय का ब्यौरा जिला कोषाध्यक्ष अशोक चौहान ने दिया। आगंतुक पेंशनर्स का पंजीयन एवं स्वागत गोवर्धनसिंह जलखेडिया, एम. एल. सोलंकी तथा विक्रमसिंह मालवीय ने किया। वर्षभर प्रत्येक माह की 10 तारीख को पेंशनर्स का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करने वाले डॉ. एस.एस. मालवीय का स्मृति चिन्ह, एवं शाल ओढाकर सम्मान किया। 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले 16 पेंशनर्स साथियों का शाल व मोती की माला से स्वागत किया। कार्यक्रम में मंडल की हाईस्कूल परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मुस्कान बबलू शेख का हेमलता परिहार ने अपने शहीद पति की स्मृति में, हायर सेकंडरी परीक्षा में जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली तमन्ना मनोज पटेल का सचिव अरविंद शर्मा ने अपने माता पिता की स्मृति में, स्नातक विज्ञान परीक्षा रिजा कलीम खान को पं. देवीशंकर तिवारी ने अपने माता पिता की स्मृति में तथा स्नातकोत्तर परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाली विनिता श्रवण मालवीय को संरक्षक एम.एल. मालवीय देवड़ा ने अपने माता पिता की स्मृति में सम्मानित एवं पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में उपस्थित वयोवृद्ध पेंशनर का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं तहसील अध्यक्षों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर श्री देवड़ा ने अपने उद्बोधन में देवास जिले की दो तहसील शाखाओं बरोठा एवं विजयागंज मंडी को आने वाले वर्ष में अपना वार्षिक कार्यक्रम करने के लिये अधिकृत किया गया। संस्था के संरक्षक पूर्व प्रांताध्यक्ष एम. एल. मालवीय देवड़ा का संस्था के प्रति पूर्ण समर्पण, सहयोग देने पर संस्था की ओर से हृदय से शाल श्रीफल के द्वारा सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंचासीन अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। चामुण्डा सेवा समिति के द्वारा रामेश्वर जलोदिया के नेतृत्व में मंचासीन अतिथियों एवं पदाधिकारियों का वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिये किये जाने वाले कार्यो की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए पुष्पमाला एवं माता की चुनरी से सम्मान किया गया। ग्राम संवरसी के शहीद सैनिक संजय मीणा एवं वर्ष 2025 में दिवंगत पेंशनरों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन देवास तहसील अध्यक्ष अनिल नागर ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मोहरी ने माना। अंत में राष्ट्रगान कर सहभोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## चावड़ा की दादी की शव यात्रा में पहुंचे विधायक सोनकर

**मुक्ति धाम के सौंदर्य करण हेतु विधायक ने एक लाख रूपये की घोषणा की**



**भौरासा।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी सोमेश्वर चावड़ा एवं रमेश,कैलाश,पप्पू चावड़ा की माता जी मंडल अध्यक्ष अनिल चावड़ा की दादी श्री मति गोदावरी बाई चावड़ा का शनिवार को स्वर्गवास हो गया जिस पर क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश सोनकर को सूचना मिलने पर भौरासा पधारे एवं शव यात्रा में सम्मिलित होकर मुक्ति धाम पहुंचे जहां सार्वजनिक रूप से 2 मिनिट का मोन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की ओर परिवारजनों को ढांढस बंधवाया व परमपिता परमात्मा से कामना की स्वर्गीय पवित्र आत्मा के लिए श्रीजी चरण अपने स्थान दे अंत में पंचलकड़ी अर्पित की गई।

नगर के मुक्ति धाम के सौंदर्य करण हेतु विधायक डॉ सोनकर द्वारा श्री मति चावड़ा की स्मृति में विधायक निधि से 1 लाख रुपए की घोषणा की अंतिम यात्रा में नगर व आसपास क्षेत्र से पधारे राजनीतिक व सामाजिक व्यक्ति काफी संख्या में पधारे शवयात्रा मे इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी महेश पाटीदार,मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह मनासा, ग्रामीण हरेंद्रसिंह पिलवानी, टोंकखुर्द जितेंद्र मंडलोई, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी,उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, जमनालाल माली,प्रेमचंद्र सेठी पप्पी यादव,प्रमोद पालीवाल नीरज कल्लू ठाकुर,गोवर्धन बोडाना, हिम्मत सिंह ठाकुर, प्रदीप ठाकुर,प्रदीप मंत्री,शांतिलाल कुमावत,बाबूलाल डोडिया,नरेंद्र माली, जसवंत पटेल मुकेश कुमावत मौसम माली,अश्विन जायसवाल,मन्नान खान,कमल यादव, मनोज शुक्ला,अभय नागर, मनोज जोशी,जीवनसिंह ठाकुर, संतोष गोस्वामी,अंकित मालवीय, अजहर खान,शिवा मित्तल, बालकिशन गर्ग,संतोष माली, गोकुल माली, जगदीश माली बीज भंडार,मांगीलाल पटेल, हीरालाल चावड़ा,व आदि नगर के समस्त समाजनो ने अंतिम यात्रा में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## शादी का झांसा देकर पार्षद पति ने किया दुष्कर्म



**सोनकच्छ।** सोनकच्छ के वार्ड क्र 1 की भाजपा पार्षद के पति ने एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जानकारी के अनुसार 2022 से लेकर 2025 तक आरोपी युवती को देवास, राजस्थान ले गया और दुष्कर्म किया। फरियादी द्वारा जब शादी की बात की जाती तो आरोपी उससे कहता था कि पत्नी को तलाक देने के बाद करूंगा। बाद में उसने शादी से मना कर दिया और धमकाते हुए मारपीट की। मामले की शिकायत के बाद सोनकच्छ पुलिस ने शनिवार को आरोपी सीताराम खेलवाल के विरूद्ध दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## सिविल अस्पताल में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ



**कन्नौद।** सिविल अस्पताल कन्नौद में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक पंडित आशीष शर्मा के द्वारा गणपति जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर एवं 5 किलो वजन के जन्मे नवजात शिशु को पोलियो की दवा पिलाकर किया गया ।इस अवसर पर बीएमओ डॉ लोकेश मीणा के द्वारा बताया गया कि देवास जिले में पल्स पोलियो अभियान 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक संचालित किया जावेगा ।जिसके अंतर्गत जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की एक अतिरिक्त खुराक पिलाई जावेगी ।इस अभियान के अंतर्गत चिन्हित जन्म से 5 वर्ष तक के शत प्रतिशत बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने हेतु विकासखंड में 256 बूथ बनाए गए हैं ।पहले दिन बूथ पर दवा पिलाएंगे तथा दूसरे व तीसरे दिन शेष रहे बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो की दवा आशा ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा पिलाई जावेगी ।बस स्टैंड पर पोलियो खुराक पिलाने के लिए ट्रांजिट टीम लगाई गई है तथा खेतों मैं निवास रत, गिट्टी मशीन पर कार्यरत परिवारों के बच्चों को दवा पिलाने हेतु मोबाइल टीम लगाई गई है ।इस अवसर पर पोलियो बूथ पर मंडल अध्यक्ष हुकुम जाट ,नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष जाट ,पूर्व मंडल अध्यक्ष अनोखी चौहान,पार्षद प्रतिनिधि संजय शर्मा, राजेश चौहान ,भाजपा नेता डॉ मोहन कोठारी ,हरिशंकर करवाडे,गोविंदा धूत , संजय लाहोटी आदि भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ सिविल अस्पताल कन्नौद से डॉ जावेद खान, बीईई दिनेश साहू ,बीपीएम प्रदीप पवार,बीसीएम विनोद भावर, शोभा कुकड़े, रश्मि चंद्रोड आदि स्टाफ उपस्थित था

**एक नजर** अभिभाषक संघ देवास के प्लेटिनम जुबली समारोह में पहुंचे सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के न्यायाधीश

# अधिवक्ता कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होता : चीफ जस्टिस माहेश्वरी






**देवास।** विधि का व्यवसाय ही एकमात्र ऐसा व्यवसाय है, जिसमें अधिवक्ता कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होता है, बल्कि वह उम्र के अंतिम पड़ाव तक वकालत कर पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की क्षमता रखता है। यहां पर हमने जिन वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान किया है, वे नए वकीलों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उनके अनुभव का लाभ युवा वकीलों को लेना चाहिए। यह मेरे लिए खुशी की बात है कि जिस चैम्बर बिल्डिंग का मैंने भूमिपूजन किया था, आज उसी का लोकार्पण करने का भी अवसर मुझे प्राप्त हुआ है। उक्त उद्गार देवास अभिभाषक संघ द्वारा आयोजित प्लेटिनम जुबली के भव्य समारोह में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति जे.के. माहेश्वरी ने व्यक्त किये। स्थानीय डागा पैलेस में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति संजीव सचदेवा, हाईकोर्ट इंदौर के न्यायाधीश विवेक रुसिया, न्यायमूर्ति जयकुमार पिल्लई, रजिस्ट्रार जनरल हाईकोर्ट इंदौर धरमिंदर सिंह व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत अभिभाषक संघ के अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने किया। तत्पश्चात स्वागत भाषण अध्यक्ष अशोक वर्मा ने देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज हमारे बीच इतनी महान हस्तियां उपस्थित होकर हमारा संबल बढ़ा रही है। इसके बाद अतिथियों द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. नारायणदास मूंदड़ा के नाम से निर्मित चैम्बर बिल्डिंग का वर्चुअल लोकार्पण किया गया। वहीं इस अवसर पर उन 17 वरिष्ठ अधिवक्ताओं का शाल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया गया, जिन्हें विधि व्यवसाय में 50 वर्ष पूर्ण हो चुके है। साथ ही कार्यक्रम में स्मारिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव अतुल पंड्या ने किया एवं आभार वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत बिपट ने माना।

अतिथि परिचय रघुवीर यार्दी, दीपक नाईक, अभिषेक तिवारी, गरिमा श्रीवास्तव आदि ने दिया। कार्यक्रम में उज्जैन संभाग के आईजी उमेश जोगा, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, संघ उपाध्यक्ष पंकज पंड्या, गीता शर्मा, दीपेंद्र सिंह तोमर, श्वेतांकराज शुक्ला सहित जिला न्यायालय में पदस्थ सभी न्यायाधीश, अधिवक्ता, प्रशासनिक अधिकारी आदि उपस्थित थे।